# नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बढ़े भागीदारी

## इन्वेस्ट यूपी के सीईओ से मिले आईईटी के निदेशक व शिक्षक

**लखनऊ।** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) के निदेशक प्रो. विनीत कंसल व शिक्षकों ने शुक्रवार को इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश के साथ बैठक की। बैठक में उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश व रोजगार प्रोत्साहन नीति- 2022 के तहत उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित करने पर चर्चा हुई। अभिषेक प्रकाश ने नीतियों के अधिकतम लाभ के लिए विभिन्न क्षेत्रों (विशेष रूप से विनिर्माण) में उद्योगों और आईईटी जैसे शैक्षणिक संस्थानों के बीच अधिक से अधिक साझेदारी का सुझाव दिया।

उन्होंने नवाचार को बढ़ावा देने और विकास की गति देने के लिए सरकार, उद्योग और शिक्षाविदों के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में प्रदेश सरकार द्वारा दिए जा रहे प्रोत्साहन, छूट, सब्सिडी और अतिरिक्त सहायता की भी जानकारी दी गई। साथ ही हैकाथॉन, ग्रैंड चैलेंज, अनुसंधान प्रयोगशालाओं, उत्पाद परीक्षण सुविधाओं आदि पर भी चर्चा हुई। प्रो. विनीत कंसल ने संस्थान के नवाचारों और अनुसंधानों के बारे में बताया। संस्थान के डॉ. सचिन सिंह, डॉ. पुष्कर त्रिपाठी और संदीप कुमार उपस्थित रहे। (ब्यूरो)